## मुख्यमंत्री योगी बोले, देश में सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था वाला राज्य, निवेश का बेहतर माहौल

# यूपी 44 योजनाओं में शीर्ष पर

गोरखपुर | मुख्य संवाददाता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब सोच ईमानदार होती है तो काम दमदार होते हैं और दिखाई भी देते हैं। वर्ष 2017 के बाद उत्तर प्रदेश देश की सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था के रूप में सामने आया है। कभी कल्याणकारी योजनाओं में काफी पीछे रहने वाला यह प्रदेश आज देश की 44 योजनाओं में नम्बर एक है।

मुख्यमंत्री योगी बुधवार को विकास खण्ड जंगल कौड़िया के रसूलपुर चकिया में महंत अवेद्यनाथ राजकीय महाविद्यालय के लोकार्पण व ब्रह्मलीन गोरक्ष पीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ की 12 फीट ऊंची कांस्य प्रतिमा के अनावरण के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

योगी ने विपक्ष पर हमला भी बोला, कहा कि सरकारें पहले भी थीं लेकिन तब विकास के कार्य नहीं होते थे। पर्व-त्योहारों पर कर्फ्यू लगते थे अब पर्व त्योहार पर कोरोना भी भाग जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने सबको सुरक्षा का माहौल दिया। नेकनीयती के साथ किए गए कार्य का अच्छा परिणाम भी आता है।

**अब माफिया कहते हैं, योगी बाबा माफ करो :** उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा ने कहा कि आज माफिया जेलों में हैं, उनकी अवैध संपत्तियों पर सरकार का बुलडोजर चलता है। जो माफिया जेल से बाहर आता है वह कहता है, योगी बाबा माफ करो। मुख्यमंत्री बनते ही उच्च शिक्षा के लिए सीएम ने इस कालेज की स्थापना की घोषणा की थी।



गोरखपुर में बुधवार को महंत अवेद्यनाथ महाविद्यालय में महंत की प्रतिमा का अनावरण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**01** माह बाद गोरखपुर में एम्स का उद्घाटन करेंगे पीएम मोदी

**12** फुट ऊंची महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा का अनावरण

### स्वास्थ्य शिक्षा का हब

मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर स्वास्थ्य और शिक्षा का हब बन गया है। 2016 में यहां विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों एम्स मिला जिसका अगले एक माह में उद्घाटन होगा। 1990 में बंद खाद कारखाना अगले माह बन कर तैयार हो जाएगा जिससे किसानों को समय से खाद और नौजवानों को नौकरी मिलेगी। खाद कारखाने का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकार्पण करेंगे।